# विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त

## सरस्वती शिशु मन्दिर केदारपुर ग्वालियर

# विद्यालय गतिविधि 2025



# सरस्वती शिशु मन्दिर केदारपुर, केदारधाम,ग्वालियर

## परीक्षा परिणाम

## Class 10th Total RESULT – 2024-25

| TOTAL | I | II | III | COMPARTMENT | FAIL | PASS | Percentage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | 12 | 12 | 01 | 01 | - | 25 | 97 |

| TOTAL | +90 | +80 | +70 | +60 | +50 | +40 | COMPARTMENT | FAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | 01 | 02 | 04 | 05 | 12 | 01 | 01 | - |

## Class 12th Total RESULT – 2024-25

| TOTAL | I | II | III | COMPARTMENT | FAIL | PASS |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 14 | 02 | - | 03 | 01 | 80% |

| TOTAL | +90 | +80 | +70 | +60 | +50 | +40 | COMPARTMENT | FAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 0 | 02 | 04 | 08 | 02 | - | 03 | 01 |

**विद्यालय परिसर मे छात्रो एवं आचार्य परिवार द्वारा सकोरा लगाये गये**





# World Earth Day Poster Making Competition (22 April 2025)





# भैया शिवम श्रीवास इंस्पायर आवार्ड के लिये चयनित



## शिवम इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित

ग्वालियर। सरस्वती शिशु मंदिर सीबीएसई स्कूल केदार धाम ग्वालियर के प्रधानाचार्य अमित कुमार श्रीवास्तव एवं शिक्षक शुभम तिवारी के मार्गदर्शन में छात्र शिवम श्रीवास को इंस्पायर मानक अवार्ड 2025 के लिए चुना गया है। इंस्पायर मानक अवार्ड विज्ञान के क्षेत्र में आयोजित होने वाला सबसे बड़ा राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है जिसमें छात्र अपने द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करते हैं तथा समाज के हित के लिए उपयोगी प्रोजेक्ट तैयार करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक अवधेश त्यागी एवं सभी शिक्षकों ने छात्र को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
DEPARTMENT OF SCIENCE & TECHNOLOGY

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान – भारत
National Innovation Foundation - India

inspire - manak

million minds augmenting national aspiration and knowledge

Certificate of Award

INSPIRE Reference No. : 24MP5588067 Dated: 20 February 2025

*This is to certify that Sh. SHIVAM SHREEVASH S/o of Smt./Sh. LAXMI NARAYAN SHREEVASH, student of Class 9th from Saraswati Shishu Mandir Cbse Kedardham Gwalior, District Gwalior of Madhya Pradesh has been selected for an INSPIRE MANAK of Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand Only) for the year 2024-25 for preparation of Science project / model and to participate in the District Level Exhibition & Project Competitions (DLEPCs) to be organized by the District Education Authority.*

(Sandeep Bansal)
Scientist
Department of Science & Technology

# World Heritage Day (13 April 2025)






# हनुमान जन्मोत्सव (12 अप्रैल 2025)





# हिन्दू नववर्ष (30 मार्च 2025)






हिन्दू नववर्ष पर विद्यालय द्वारा अपने आस-पास के क्षेत्रों में जाकर लोगों को तिलक लगाकर बधाई दी ।

# विद्यालय के पूर्व छात्र भैया संजय गुर्जर का पुलिस में चयन (20 मार्च 2025)



विद्यालय के पूर्व छात्र भैया संजय गुर्जर का चयन मध्य प्रदेश पुलिस में हुआ, विद्यालय के प्राचार्य श्री अमित कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ आचार्य श्री राजकुमार मिश्रा ने शुभकामनाऐं प्रेषित की ।

**Best Wishes for School Examination (27 Feb. 2025)**





# संस्कार केन्द्र भ्रमण (09 मार्च 2025)





विद्याभारती की योजना अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर केदारधाम ग्वालियर के द्वारा संचालित संस्कार केंद्र गुड़ा गुड़ी का नाका पर अभिभावक सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण ।

## स्वस्थ्य रहने के लिए योग, संतुलित आहार सकारात्मक सोच जरूरी (06 मार्च 2025)









## Science Day (28 Feb. 2025)









Chhatrapati Shivaji Jayanti

(26 February 2025)






शुभकामना समारोह (08 Feb. 2025)










# Cyber Crime Awareness Program (10 Feb. 2025)




# Science Experiment



## प्रान्तीय फुटबॉल प्रतियोगिता में केदारधाम की बाल वर्ग विजयी




दिनांक 31 अगस्त से 1 सितम्बर के मध्य आयोजित प्रान्तीय फुटबॉल प्रतियोगिता में केदारधाम की बाल वर्ग की टीम विजयी होकर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में प्रवेश किया ।

## विभाग स्तरीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में केदारधाम की टीम विजयी



भिण्ड जिले में आयोजित खो-खो एवं कबड्डी की बाल वर्ग एवं तरूण वर्ग की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये विजयी प्राप्त की ।

# प्रान्तीय, क्षेत्रीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में केदारधाम के तरूण वर्ग के भैया विजयी



सिहोर में आयोजित व्हॉलीबॉल की प्रान्तीय प्रतियोगिता में केदारधाम के तरूण वर्ग के भैया प्रान्तीय प्रतियोगिता में विजयी होकर पथरिया महाकौशल प्रान्त में क्षैत्रीय प्रतियोगिता जीतकर अखिल भारतीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे ।

# खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचन्द जयंती






29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द जयंती एवं खेल दिवस के रूप में मनाया गया । इस दिन विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

# जीवाजी विश्वविद्यालय के सेमिनार में छात्र सम्मिलित एवं पुरस्कृत





# अखिल भारतीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता मे केदारपुर विद्यालय के भैयाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

सरस्वती शिशु मन्दिर सी.बी.एस.ई. केदारधाम शिवपुरी लिंक रोड़ में चल रहे अखिल भारतीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2024 में U-17 बालक वर्ग में मध्यक्षेत्र ने पंजाब को 21-6 से पराजित किया । U-14 बालिका वर्ग में मध्यक्षेत्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा ।





## विभाग स्तरीय एथलेटिक्स -




## दशहरा उत्सव केदारधाम -



# विश्व ओजोन संरक्षण दिवस केदारधाम -







# अब्दुल कलाम जयंती






# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) कार्यक्रम -






# विभाग स्तरीय विज्ञान मेला -




# अभिभावक सम्मेलन - अगस्त 2024





# समाचार पत्रों में प्रकाशित झलकियाँ

## केदारपुर आवासीय विद्यालय में मनाई जयंती



सरस्वती शिशु मन्दिर केदारपुर आवासीय विद्यालय में चंद्रशेखर आजाद और बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्याभारती मध्य भारत प्रांत के प्रादेशिक सचिव शिरोमणि दुबे ने छात्रों को अपने जीवन में गुरु के महत्व को बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अवधेश त्यागी, प्राचार्य अमित श्रीवास्तव उपस्थित रहे। संचालन मोहर सिंह धाकड़ ने किया।

स्वदेश — ग्वालियर - मुख्य संस्करण — 30 July 2024



## केदारधाम विद्यालय में विज्ञान सप्ताह शुरू

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

सरस्वती शिशु मंदिर केदारधाम आवासीय विद्यालय में सोमवार को विज्ञान सप्ताह शुरू हुआ। इस अवसर पर डीआरडीओ ग्वालियर के वरिष्ठ वैज्ञानिक पवन कोल्हे ने भारत के महान वैज्ञानिकों और उनके आविष्कारों पर प्रकाश डालते हुए डीआरडीओ के कार्य और दायित्व का वर्णन किया। संचालन दिगंबर त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य अमित कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ आचार्य राजकुमार मिश्रा उपस्थित रहे। यहीं हर्ष गुप्ता, प्रिंस रावत, हर्ष रावत, हर्ष वर्धन सिंह, रविंद्र शर्मा आदि छात्रों ने प्रोजेक्ट एवं मॉडल बनाए।

दैनिक भास्कर — ग्वालियर सिटी भास्कर 22-07-2024

## कैडेट्स ने मंच को बनाया जंग का मैदान, दुश्मन किए खत्म



सिटी रिपोर्टर • ग्वालियर | 15 बटालियन में चल रहे एनसीसी कैडेट्स के 8वें शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। कैडेट्स ने अपनी प्रस्तुति से मंच पर जंग के मैदान जैसा माहौल बना दिया। बकौल से उठती गोलियों के आवाज के बीच उन्होंने दुश्मन पर फतह पाने के बाद तिरंगा भी फहराया। मुख्य अतिथि मंत्री नारायण सिंह कुशवाह थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल डीएस वर्मा मौजूद थे।

स्वदेश — ग्वालियर - मुख्य संस्करण — 29 July 2024



## भारतीय संस्कृति के महत्व पर करें चिंतन

नगर संवाददाता ▸ ग्वालियर

सरस्वती शिशु मन्दिर केदारधाम आवासीय विद्यालय में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए व पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के प्रादेशिक सचिव शिरोमणि दुबे ने भारतीय संस्कृति के महत्व एवं मातृभाषा की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इस पर चिंतन करने को कहा। मंच पर उनके साथ किडीज कॉर्नर स्कूल के प्राचार्य अजीत कुमार, ग्वालियर विभाग समन्वयक मुकुट बिहारी शर्मा, विद्यालय की समिति के अध्यक्ष मदन भार्गव एवं विद्यालय के प्रबंधक अवधेश त्यागी उपस्थित थे। किडीज कॉर्नर के प्राचार्य अजीत ने भी भारतीय संस्कृति पर गर्व करते हुए सरस्वती शिशु मन्दिर को इसकी परीक्षा लेने के लिए धन्यवाद दिया। समिति के अध्यक्ष श्री भार्गव ने भी इस अवसर पर संस्कृति की महत्वता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एकता अग्रवाल एवं आभार विद्यालय के आचार्य मोहर सिंह धाकड़ ने व्यक्त किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर केदारपुर में विधिक साक्षरता शिविर



प्रार्थना एक्सप्रेस — दैनिक समाचार पत्र — ग्वालियर अंचल

# एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-8 का समापन भव्य समारोह के साथ हुआ

### 22 जुलाई से इंटर ग्रुप कंपीटीशन शुरू मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कैडेट्स लेंगे भाग





प्रार्थना एक्सप्रेस

ग्वालियर। एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-8 का समापन भव्य समारोह के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि नारायण सिंह कुशवाह (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री, म.प्र. शासन) की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कैंप कमांडेंट कर्नल डीएस वर्मा ने मंत्री का स्वागत किया। जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ।

औपचारिक समारोह की शुरुआत कैंप कमांडेंट कर्नल डीएस वर्मा के गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई। उन्होंने सम्मानित अतिथियों, कैडेटों, संकाय सदस्यों और सभी उपस्थित लोगों को उनकी भागीदारी और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

परिचय में शिविर के महत्व और प्रशिक्षण अवधि के दौरान कैडेटों की उपलब्धियों पर एसओ मनोज कुमार उपाध्याय ने प्रकाश डाला गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला ने समारोह में रंग और जीवंतता भर दी। कैडेटों ने पारंपरिक नृत्य और संगीत प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समारोह में मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण किये गए जिसमें शिविर के दौरान शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, फायरिंग, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया। नारायण सिंह कुशवाह मंत्री ने कैडेटों को समर्पण और उपलब्धियों की सराहना करते हुए पुरस्कार प्रदान किए। असाधारण नेतृत्व और टीम वर्क का प्रदर्शन करने वालों को भी विशेष पुरस्कार दिए गए।

समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा प्रेरणादायक भाषण दिए गए, अपने संबोधन में एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अनुशासन, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कैडेटों को व्यक्तिगत और सामुदायिक विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का समापन डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल आकाश शर्मा द्वारा पूरी बटालियन की ओर से नारायण सिंह कुशवाह मंत्री महोदय को उनकी उपस्थिति और प्रेरक शब्दों के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रशासन, संकाय, कर्मचारियों और कैडेटों को शिविर को सफल बनाने में उनके समर्पण और प्रयासों के लिए भी धन्यवाद दिया। आगे कर्नल डीएस वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर के दौरान शूटिंग प्रतियोगिता चयन और थल सेना कैम्प शिविर चयन के लिए गतिविधियाँ आयोजित हुई ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर केडीएस झाला के देख रेख में शूटिंग टीम और थल सेना टीम के लिए 34 -34 कैडेट का चयन हुआ है। जिसमें वार्षिक शूटिंग इंटर ग्रुप प्रतियोगिता के लिए कुल 6 ग्रुप मुख्यालय की टीम जिसमें ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सागर, भोपाल, रायपुर ग्रुप 22 जुलाई से ग्वालियर में ग्रुप मुख्यालय के मार्गदर्शन में और 8 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल आर एस लेहल सेना मेडल के नेतृत्व में इंटर ग्रुप प्रतियोगिता का आयोजित होगा। थल सेना शिविर के लिए 34 कैडेट्स रायपुर के रवाना होंगे।

किए तो ठगी करने वाली युवती के फुटेज पुलिस के हाथ लग गए।

# नि:शुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता हर व्यक्ति का अधिकार




ग्वालियर (आरएनएन)। समाज के हर वर्ग को नि:शुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता उपलब्ध हो तथा समाज के कमजोर वर्ग का कोई सदस्य आर्थिक या अन्य निर्योग्यता के कारण न्याय पाने के अवसर से वंचित न रह जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विधिक प्रणाली का प्रवर्तन समान अवसर के आधार पर न्याय का संवर्धन करें। यह विचार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीसी गुप्ता के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर केदारपुर ग्वालियर में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश रवि झारोला ने व्यक्त किए। साथ ही श्री झारोला ने छात्र-छात्राओं को सायबर अपराध, सोशल मीडिया टूल के संयमित उपयोग तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम के व्यवहारिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जिला न्यायाधीश आशीष दवंडे ने कहा कि मौलिक कर्तव्यों का पालन एक सुसंस्कृत राष्ट्र को स्थापित करने की आवश्यकता है इसलिए भारत का नागरिक होने के नाते हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह मौलिक कर्तव्यों को आत्मसात कर उनका पालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजकुमार मिश्रा, मोहर सिंह धाकड़, डॉक्टर एकता अग्रवाल, शोभा अवस्थी, राम निवास बघेल, दीपेश चतुर्वेदी, गजेन्द्र दुबे, बलवीर सिंह सोलंकी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।